मूल हिन्दी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3067

04 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

पीएमएवाई-यू के अंतर्गत मकानों का निर्माण

3067. श्री राकेश सिंह:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत जबलपुर में कितने आवासों का निर्माण किया जाना है;

(ख) इनमें से पूरी तरह से निर्मित आवासों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या उक्त योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने की कोई आवश्यकता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) से (घ): प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत जबलपुर के लिए कुल 27,269 आवासों की मंजूरी दी गई है, जिनमें से 25,483 आवास निर्माणाधीन हैं और 12,868 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और ये लाभार्थियों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, अब तक सभी शहरी क्षेत्रों में 122 लाख आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से 102 लाख से अधिक आवास निर्माणाधीन हैं और 61 लाख से अधिक आवासों को पूरा किया जा चुका है/लाभार्थियों को सुपुर्द किया जा चुका है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शेष स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने की सलाह दी गई है ताकि इन आवासों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

******